# || विचार संस्था ||


# मासिक पत्रिका
## [ नवंबर 2018]

हेल्पलाइन नंबर: 6262060333
पता: पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग, वर्णी कॉलोनी, सागर, [म. प्र.]



अध्यक्ष: श्री कपिल मलैया [9009780020]
[Facebook page : Kapil Malaiya Original]

# पदाधिकारी



कार्यकारी अध्यक्ष:
श्रीमती सुनीता जैन



उपाध्यक्ष:
श्री अनुराग जैन




कोषाध्यक्ष:
श्री विनय मलैया




युवा इकाई अध्यक्ष:
कुमारी आकांक्षा मलैया

# बच्चों ने भेजी बॉर्डर पर खुशियां















इस दीपावली बच्चों ने मिलकर हमारे देश के बहादुर सैनिकों को धन्यवाद देते हुए और दीपावली की शुभकामनायें देते हुए कार्ड बनाये। इस परियोजना में श्री श्री विद्या मन्दिर, जैन हाई स्कूल, भैंसा पहाड़ी प्राथमिक स्कूल और एम्मानुएल स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में 150 कार्ड्स बनाये गए जो विचार संस्था द्वारा कर्नल जोशी जी के सहयोग से सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात सैनिकों को भेजे गए।

# बच्चों को दी गई कैरियर की सही जानकारी: प्रोजेक्ट 'अनावरण'






एम्मानुएल हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 'अनावरण' प्रोजेक्ट को अब 3 माह पूरे हो चुके हैं। इस प्रोजेक्ट में विगत हर शनिवार को विचार संस्था के यूथ विंग द्वारा 11 वीं कक्षा के छात्रों को अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी जाती है। अब तक बच्चों को पर्यटन, कला, ऑडियो / वीडियो प्रौद्योगिकी/ संचार, बिक्री, वितरण, विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खाद्य और प्राकृतिक संसाधन, स्वास्थ्य विज्ञान, व्यापार प्रबंधन और प्रशासन, वित्त, कानून, मानव सेवा, सुरक्षा, लोक प्रशासन, शिक्षा और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गयी।

आर्मी में भर्ती होने की कई बच्चों में विशेष इक्छा होने पर रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर श्री गजराज शर्मा जी को पिछले फैशन में आमंत्रित किया गया। उन्होंने बच्चों को सिखलाया की आर्मी में जाने के लिए अनुशासन, सच बोलना एवं आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी सीखना बहुत जरूरी है। इस परियोजना की संचालिका आकांक्षा मलैया का कहना है की बच्चों को न केवल कैरियर की व्यावहारिक जानकारी मिली है बल्कि उनमें सोचने की छमता का विकास हुआ है।

इस परियोजना में कुलजोत कौर गुरोन, अभिलाषा जाटव, सिमरन छत्तरी, वैशाली प्रजापति, शुभम राय, रितिक जैन, अक्षत जैन, कृतिका सेलट, कृति मलैया, हर्ष उपाध्याय, याशिका दूबे, मिनाज सिद्दीकी और श्रेष्ठ चौरसिया शामिल हैं।

# विचार संस्था द्वारा निशुल्क शव वाहन संचालन संस्था द्वारा निशुल्क शव वाहन संचालन संस्था







**दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं! दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप (सागर मेंन) द्वारा प्रदत्त, विचार संस्था निशुल्क शव वाहन का संचालन कर रही है। इससे निम्नलिखित अवसरों पर लोगो की सहायता करी गयी है:**

| क्र. | दिनांक | प्रस्थान स्थल | आगमन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 5/11/18 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | वार्ड नो. 8 बांदरी करौती |
| 2 | 6/11/18 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | संत रविदास वार्ड |
| 3 | 15/11/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | संजय कॉलोनी बाँदा |
| 4 | 16/11/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | मछरयाई विवेकानंद वार्ड |
| 5 | 17/11/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | ग्राम बड़खुआ |
| 6 | 20/11/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | दानखेड़ी |
| 7 | 23/11/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | यादव कॉलोनी |
| 8 | 23/11/2018 | भाग्योदय अस्पताल | महावीर मुहाल ग्राम ढाना |
| 9 | 26/11/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | संत कबीर वार्ड |
| 10 | 27/11/2018` | बी. ऍम. सी. अस्पताल | खैर माता मंदिर |
| 11 | 27/11/2018 | सागर श्री अस्पताल | गायत्री नगर मक्रोनिआ |

# विचार ब्लड बैंक



विचार संस्था द्वारा अचानक आवश्यकता पड़ने पर 5 नवंबर और 19 नवंबर को मरीजों को रक्त दिलवाया गया। रक्त धीरेंद्र राजपूत और रामअवतार पटेल द्वारा प्रदान किया गया।

# विचार परिवार ने साथ मिल कर दिए सजाए





दीपावली के त्योहार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसे पूरा परिवार मिलके मनाता है। इस शुभ अवसर पर मनोज राय, आकांक्षा मलैया, आकाश जैन, नितिन पटैरया, प्रीति लोधी, वंदना पाठक, मीना दुबे, सीमा दुबे, निशा जैन, पूजा प्रजापति और शिखा चौरसिया ने साथ बैठकर दीप सजाए।

# संजीवनी बाल आश्रम के बच्चों के साथ मनाई दीपावली








**संस्था ने फटाके वितरित कर और रंगोली बनाकर संजीवनी बाल आश्रम के बच्चों के साथ मिलकर दीपावली मनाई! इस शुभ अवसर पर प्रीति मलैया, राहुल सराफ, पवन, बद्री, वंदना पाठक, मीना दुबे, सीमा दुबे, निशा जैन, पूजा प्रजापति और शिखा चौरसिया शामिल थे शामिल थे ।**

# तिली अस्पताल में भी पहुचायीं दीपावली की खुशियां





दिनांक 7.11.18 को विचार संस्थान द्वारा दीपावली के पर्व पर तिली अस्पताल में लोगों को शुभकामनायें दी गईं एवं फल वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर कपिल मलैया, आकाश जैन, आकांक्षा मलैया, राहुल सराफ, पवन, बद्री वंदना पाठक, मीना दुबे सीमा दुबे, निशा जैन, पूजा प्रजापति और शिखा चौरसिया शामिल थे ।

# विचार यूथ विंग ने किया घरौंदा आश्रम के बच्चों का उत्साहवर्धन







दिनांक 12/11/18 को विचार संस्था की यूथ विंग घरौंदा बाल आश्रम गई। वहां निवासरत बच्चों के बीच सांस्कृति क व मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से उत्साहवर्धन किया। विचार संस्था का उद्देश्य है कि बाल आश्रम में निवासरत बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार जो भी संभव हो मदद पहुंचाई जाए ताकि यह बच्चे अच्छे से पढ़ाई लिखाई कर अपना भविष्य उज्जवल बना सके। इस अवसर पर बच्चों को टाफियों का वितरण किया गया।

# निशुल्क जांच व दवा वितरण




**डॉ शैफाली मलैया सप्ताह में 6 दिन (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) 11 से 1 बजे के बीच विचार कार्यालय में मरीजों की निशुल्क जांच करती हैं। इस माह में की गई जांच की सूची इस प्रकार है:**

| क्र. | दिनांक | मरीजों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1/11/18 | 2 |
| 2 | 3/11/18 | 2 |
| 3 | 12/11/18 | 5 |
| 4 | 13/11/2018 | 6 |
| 5 | 14/11/2018 | 3 |
| 6 | 15/11/2018 | 4 |
| 7 | 16/11/2018 | 8 |
| 8 | 17/11/2018 | 5 |
| 9 | 20/11/2018 | 7 |
| 10 | 21/11/2018 | 5 |
| 11 | 23/11/2018 | 5 |
| 12 | 24/11/2018 | 5 |
| 13 | 26/11/2018 | 4 |
| 14 | 27/11/2018 | 3 |

# बाल दिवस पर दिया बच्चों को अपनी कला दिखलाने का अवसर










**बाल दिवस के अवसर पर विचार संस्था द्वारा 3 स्कूलों में ड्राइंग कॉम्पटीशन करवाया गया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए व टाफियां वितरित की गईं। प्रतियोगिता में निम्नलिखित छात्र/ छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया:**

**शासकीय कन्या हाई स्कूल (मकरोनिया)-**

**(1) अंजलि अहिरवार, (2) दिव्या बंसल, (3)सुलेखा चढ़ार**

**गवर्नमेंट हाई स्कूल काकागंज-**

**(1) वंदना पटैल, (2) श्रद्धा रैकवार, (3 ) पूजा कोरी**

**गवर्नमेंट हाई स्कूल सुभाष नगर-**

**(1) मधु अहिरवार, (2) विनीता कोरी, (3) मोना प्रजापति**

# सागर सुधार, सागर विकास

# मोहल्ला विकास परियोजना

मानव विकास अर्थवयवस्था के विकास पर निर्भर करने की बजाए इस बात पर निर्भर करता है की हम जीवन जीने के तरीको को बेहतर बनाये एवं लोगो की सोच और समझ को विकसित करे जिससे स्वयं ही वह अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो जायें और वे इतने सक्षम हों की अपनी आवाज सही ढंग से सही जगह तक पहुंचा सकें। इसी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए विचार संस्था एक नयी परियोजना "सागर सुधार , सागर विकास" के माध्यम से कार्य करने जा रही है | जिसमे हम सागर शहर के अलग अलग वार्डो एवं मुहल्लों में ऐसे 100-100 घर चिन्हित करेंगे , जिनमे हम लोगो के जीवन में बदलाव लाने में मददगार हो सकतेहम निरंतर छोटे-छोटे कदम उठाकर लम्बे समये में बड़ा विकास का कार्य कर सकते है |

उन 100 घरो में हमारे 11 स्वयं सेवको का दल विचार द्वारा चयनित किए विभिन प्रकल्पो पर लोगो की जागरूकता बढ़ाने एवं सही दिशा निर्देश देने का कार्य करेंगे।हफ्ते में 2 दिन ये 11 स्वयं सेवक उन परिवारों से मुलाकात करके उनसे वार्तालाप करेंगे, उनकी जीवन शैली को समझेंगे एवं उन्हें जानकारी देंगे। हर स्वयं सेवक 100 घरो के समुह में से अपने 10 घर चिन्हित कर उन घरो से लगातार हर हफ्ते (हफ्ते में 2 बार ) मुलाकात कर उसमे आत्मिक जुड़ाव बढ़ाएंगे एवं यह पुष्टि करेंगे की उनकी दी हुई जानकारी का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और वे उसका पालन अपने रोजमर्रा के जीवन में नियमित रूप से कर रहे है या नहीं ।

इस पूरी परियोजना के दौरान कोई भी स्वयं सेवक किसी प्रकार की बुराई या आलोचना नहीं करेगा | यह प्रमुख नियम है जिसका सभी को पालन करना हैं। समस्याओ को सुनना हैं, उन पर चर्चा नहीं करनी हैं ।

# मोहल्ला विकास परियोजना की टीमें:



















# महिलाओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर व मोबाइल प्रशिक्षण






दिनांक 17-11-18 से विचार संस्था द्वारा महिलाओं को नि:शुल्क कंप्यूटर व मोबाइल चलाने का प्रशिक्षण देना शुरू किया गया। प्रशिक्षण शिखा चौरसिया एवं सोनल पांडे द्वारा प्रदान किया जा रहा है। अब तक अंकिता रजक, शिवानी साहू, पूनम सेन, सविता पटैल आदि को प्रशिक्षण दिया गया।

# जेल में दिखाई शॉर्ट फिल्म मलाल







**विचार टीम ने जेल में जाकर नशा मुक्ति पर अपना उद्बोधन दिया, नशे के दुष्परिणाम बताएं तथा 'मलाल' फिल्म और 'जिंदगी और मौत' फिल्म के माध्यम से कैदियों को जागरूक किया जागरूक किया। प्रीति मलैया जी ने अपने उद्बोधन में बताया मनुष्य योनि समुद्र में गिरे रत्न की तरह होती है इसे नशे में बर्बाद ना करें!**

# वृद्ध आश्रम के लोगों के लिए मंदिर यात्रा एवं पिकनिक का आयोजन








दिनांक 29 नवंबर को विचार संस्था से श्रीमती आशा मलैया, श्रीमती सरोज मलैया, आकांक्षा मलैया, दीपक ठाकुर और अन्य सदस्यों ने वृद्ध आश्रम जाकर वहां के लोगों के साथ समय व्यतीत किया। बातचीत में जानने को मिला कि सभी लोग मंदिर जाने के बड़े इच्छुक हैं। तब विचार सदस्यों ने निर्णय लिया कि 2 दिसंबर को वृद्ध आश्रम के लोगों को बालाजी मंदिर लेकर जाएंगे। उसके बाद सभी लोग मंगलगिरी की पहाड़ी पर, जहां विचार संस्था ने कुछ समय पहले 5000 वृक्षों के वृक्षारोपण का आयोजन किया था, टहलकर शुद्ध वायु का आनंद लेंगे।

# अन्य गतिविधियां:

## विनम्र अनुरोध

हृदय रोगी सजातीय बंधु के हृदय का आपरेशन होना है, जिसमें लगभग एक लाख पचास हजार रुपए का खर्च है।आप सभी से निवेदन है कि इस सजातीय बंधु का औषधीदान में सहयोग प्रदान करें, ताकि इनकी अमूल्य जान की रक्षा हो सके, हम आपके सदैव हृदय से आभारी रहेंगे।उनका नाम एवं पता विचार संस्था के कार्यालय में लिखा है एवं स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेज भी जमा हैं।डॉक्टरों के परामर्श अनुसार यह आपरेशन जल्द होना अनिवार्य है, नहीं तो इनकी जान को खतरा हो सकता है। सामाजिक गरिमा को बनाए रखने के लिए व्यक्ति  का नाम एवं पता सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। दान हेतु संपर्क करें-

**कार्यालय विचार संस्था, पुराना स्टेट बैंक विल्डिंग, वर्णी कालोनी कटरा, वार्ड सागर**

**मो.-07582-224488, 8120995995, 9575737475**





**(1) एक कैंसर मरीज को आर्थिक मदद दिलवाने के स्टीकर बनवाकर मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर लगवाये गये।**

**(2) विचार संस्था महिला इकाई रेलवे स्टेशन के सामने लक्ष्मी बाल आश्रम गये। वहां पर बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया व बच्चों को टाफियां वितरित की गईं।**

# विशेष योगदान




**श्रीमती आशा मलैया:**
1970 मैं जिन्होंने बॉटनी से पीएचडी करी, ऐसी महिला शक्ति निरंतर हमें मार्गदर्शन प्रदान करती है!

**श्रीमती सरोज मलैया:**
विचार की पर्यावरण, वृद्ध आश्रम, बच्चों, आदि सम्बन्धी गतिविधियों में एक युवा सामान जोश के साथ भाग लेती हैं!



**श्रीमती क्रांति जैन:**
परमार्थ संस्कार पाठशाला की संचालिका हमारी बुआ सभी बच्चों में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं!



**कु. अभिलाषा जाटव:**
विधि विभाग की छात्रा और एक बेहतरीन वक्ता, अभिलाषा इतनी काम उम्र में भी सामाजिक कार्यों से जुडी रहती है!





**श्री आकाश जैन:**
रोजमर्रा की जिंदगी से समय निकालकर यह निरंतर विचार की हर गतिविधि में साथ चलते हैं!

**श्री मनोज राय:**
सागर की गली-गली से वाकिफ यह किसी भी परियोजना को जमीनी स्तर पर लागू करने में माहिर हैं!





**डॉ. मनीष जैन:**
बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर होने के साथ-साथ यह विचार संस्था से जुड़कर निरंतर मरीजों की सेवा करते हैं!

**डॉ. रुपेश साहू**
पि.एस.एम्. डिपार्टमेंट से यह हमें कुछ ऐसी अनूठी जानकारी देते हैं जिनसे हम निरंतर लोगों की मदद कर सके!

VICHAR SANSTHA

विचार की दैनिक रिपोर्ट व गतिविधियों की जानकारी के लिए
देखे हमारा फेसबुक पेज: @Vicharsanstha

व्हाट्सएप पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर को सेव करें व
इस पर अपना नाम लिखकर व्हाट्सएप मैसेज करें:
+91 7067431370

## हमारे सागर सुधार सागर विकास अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें:

## नितिन पटेरिया: +91 9009780042

## राहुल सराफ: +91 8109969097

विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें:
आकांक्षा मलैया: 9165422888
प्रीति लोधी: +91 7067431370